प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- भारतीय सैन्य बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी ठिकाने किए तबाह, 100 से ज्यादा आतंकी और 35 से 40 जवान मारे गए, तीनों सेनाओं की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाए गए सबूत। ।
- सोशल मीडिया पर राष्ट्र विरोधी और आपत्तिजनक पोस्ट डालने के आरोप में पुलिस ने रांची और रामगढ़ से एक–एक युवक को किया गिरफ्तार।
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 10 दिनों से डीजीपी का पद खाली रहने पर राज्य सरकार को लिया निशाने पर, झामुमो का भाजपा पर राजनीति करने का आरोप।
- संताल समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले 5 दिनों तक हीट वेव का दिखेगा असर, रांची समेत दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में आज तेज हवा के साथ होगी बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स के महिला हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची झारखंड की टीम, महिला फुटबॉल में भी मणिपुर को हराकर झारखंड ने पदक किया पक्का।

******************

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाक अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया। भारत की सैन्य कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकी और 35 से 40 जवान भी मारे गए, वहीं, पाकिस्तानी घुसपैठ को भी पूरी तरह नाकाम किया गया। तीनों सेनाओं के संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी देने के साथ कार्रवाई के सबूत भी दिखाए गए। थल सेना के लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के अपने लक्ष्य को हासिल किया और जरूरत पड़ी तो आगे भी ऐसी कार्रवाई होगी। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जो भी तरीके और साधन चुने, उनका दुश्मनों के ठिकानों पर सटीक प्रहार हुआ। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के विमान, मिसाइल तथा ड्रोन अटैक को विफल करने में हमारी सेना पूरी तरह सफल रही। इस मौके पर वॉइस एडमिरल ए एन प्रमोद ने कहा कि भारतीय नौसेना की अग्रिम तैनाती में पाकिस्तानी नौ सेना और वायु सेना को रक्षात्मक मुद्रा में रहने को मजबूर किया।

******************

भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों यानी डीजीएमओ के बीच आज दोपहर 12 बजे बातचीत होगी ताकि दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम को लंबे समय तक बनाए रखने के तौर–तरीकों पर चर्चा की जा सके।

******************

रांची और रामगढ़ जिले से पुलिस ने एक–एक युवक को सोशल मीडिया पर राष्ट्र विरोधी पोस्ट डालने के आरोप में गिरफ्तार किया है । रांची पुलिस ने विधायक सीपी सिंह की शिकायत पर फरहान नाम के एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसने अपने सोशल मीडिया पर देश विरोधी तस्वीर और पोस्ट साझा किया था। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि यह राष्ट्रद्रोह का मामला है । ऐसे में उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। '

वहीं, रामगढ़ जिले के भुरकुंडा थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा इंटरनेट मीडिया पर पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट डालने के खिलाफ थाने में दर्ज शिकायत पर पुलिस ने ये कार्रवाई की ।

******************

गढ़वा जिले में महिलाओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सिंदूर उत्सव मनाया । इस दौरान महिलाओं ने एक –दूसरे को सिंदूर लगाकर जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है।

******************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य में पुलिस महानिदेशक का पद 10 दिनों से खाली रहने तथा बिना संवैधानिक मान्यता के डीजीपी के रूप में अनुराग गुप्ता द्वारा सेवा दिए जाने को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने पुलिस महानिदेशक नियुक्ति में संविधान के प्रावधानों और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी की है।

दूसरी तरफ, झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि डीजीपी नियुक्ति को लेकर भारतीय जनता पार्टी सिर्फ राजनीति कर रही है। भाजपा को यह बताना चाहिए कि उसने अपने शासनकाल में ऐसा कितनी बार किया और कितने संवैधानिक पदों को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

******************

झारखंड समेत देशभर में पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ आज बुद्ध पूर्णिमा मनाया जा रहा है। गौतम बुद्ध का जन्म और परिनिर्वाण आज ही के दिन हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने सभी को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी है।

******************

सरायकेला–खरसावां जिले में पीएम–जनमन अभियान से ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं।

******************

- राज्य में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चालू वित्तीय वर्ष में पांच लाख तिहतर हजार शौचालय बनाने का लक्ष्य रखा गया है।
- जमशेदपुर में प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह में समाज के लिए योगदान करने वाले तीन सौ से ज्यादा लोगों को सम्मानित किया गया।
- मेधा डेयरी ने दूध की कीमत में दो रुपए प्रति लीटर बढ़ोतरी की है। नई दरें आज से प्रभावी हो गई है।

- धनबाद जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र में एक वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से 40 से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। इनमें 20 से अधिक मजदूरों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

******************

मौसम विभाग ने देवघर, जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज, दुमका धनबाद और गिरिडीह समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले पांच दिनों तक लू चलने का अलर्ट जारी किया है, जबकि राजधानी रांची समेत दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में आज गरज और तेज हवा के साथ बारिश हो सकता है। वहीं, पिछले चौबीस घंटे के दौरान दुमका, सरायकेला, पाकुड और गोड्डा समेत कई जिलों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया।

******************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स की महिला हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड ने हरियाणा पर तीन– शून्य से शानदार जीत हासिल कर फाइनल में जगह बना ली है। बिहार के राजगीर में खेले गए इस मैच में झारखंड के लिए स्वीटी डुंगडुंग ने दो और सरोज मुंडरी ने एक गोल किए। वहीं, बिहार के बेगुसराय में आयोजित बालिका फुटबॉल में झारखंड ने मणिपुर को पांच– शून्य से पराजित कर पदक पक्का कर लिया है।

******************

- वर्धा में आयोजित 51वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में झारखंड बालिका टीम ने मेजबान वर्धा को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।
- रांची में आयोजित 21 वीं झारखंड राज्य सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता में रांची की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी है। इस प्रतियोगिता में 15 जिलोंके तीन सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया।

******************

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित लगभग सभी प्रमुख अखबारों ने भारतीय सैन्य बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर की गई कार्रवाई की जानकारी तीनों सेनाओं द्वारा संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिए जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है बीस हजार करोड़ से ज्यादा की योजनाएं अधूरी, 194 पीएल खाते में पड़े हैं पैसे।

हिन्दुस्तान ने लिखा है कहीं फॉल्ट तो कहीं मेंटेनेंस से कटी बिजली लोग परेशान।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– मंइया योजना में पांच लाख 46 हजार अपात्र लाभुकों की पहचान अब हटेंगे नाम।

दैनिक जागरण लिखता है– रांची के धुर्वा में दो युवकों की गला रेतकर हत्या।

******************